भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4033

जिसका उत्तर दिनांक 22.12.2021 को दिया जाना है

परमाणु ऊर्जा उत्पादन

4033. श्री डी.के. सुरेश :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने परमाणु ऊर्जा उत्पादन के लिए कोई लक्ष्य निर्धारित किया है और क्या लक्ष्य निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्राप्त किया जाता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) यदि नहीं तो परमाणु ऊर्जा के उत्पादन को बढ़ावा देने और लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए/उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेन्द्र सिंह) :

(क) नाभिकीय विद्युत उत्पादन के लक्ष्य का निर्धारण वार्षिक आधार पर किया जाता है । वर्ष 2020-21 के लिए उत्पादन लक्ष्य 42,000 मिलियन यूनिट थे जबकि प्राप्त वास्तविक उत्पादन 43,029 मिलियन यूनिट रहे ।

(ख) उपरोक्त (क) के मद्देनजर प्रश्न नहीं उठता ।

* * * *